हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 8 मई 2024

04 खातेगांव विस में 69.14 प्रतिशत हुआ मतदान...



07 युवाओं ने रोजगार को लेकर तो बुजुर्ग ने सोच...





## विधानसभा क्षेत्र सुसनेर में शाम 5 बजे तक 72.50 प्रतिशत मतदान हुआ

# महिलाओं और युवाओं में दिखा मतदान के प्रति खासा उत्साह, कतार में लगकर किया मतदान










हरिभूमि न्यूज ▶▶ आगर-मालवा/नलखेड़ा

लोकसभा निर्वाचन-2024 के तीसरे चरण में लोकसभा क्षेत्र राजगढ़ के विधानसभा क्षेत्र-165 सुसनेर में सभी मतदान केन्द्रों में शांतिपूर्ण मतदान जारी रहा। विधानसभा सुसनेर में शाम 5 बजे तक 72.50 प्रतिशत मतदान हो चुका था। सभी मतदान केन्द्रों में सुबह 7 बजे से मतदान शुरू हुआ। सुबह मतदान प्रारंभ होने के 90 मिनट पहले सभी मतदान केन्द्रों पर अभ्यर्थियों के अधिकृत एजेन्ट, प्रतिनिधि की मौजूदगी में मॉकपोल की प्रक्रिया सम्पन्न कराई गई। इसके पश्चात वास्तविक मतदान प्रारंभ हुआ। सुबह 9 बजे तक 18.70 प्रतिशत मतदान, 11 बजे 37.20 प्रतिशत मतदान, दोपहर 1 बजे 53.02 प्रतिशत मतदान तथा दोपहर 3 बजे तक 63.20 प्रतिशत मतदान और शाम 5 बजे तक 72.50 प्रतिशत मतदान हुआ है। सभी मतदान केन्द्रों पर युवा, बुजूर्ग, दिव्यांग व महिला-पुरूष मतदाता अपार उत्साह के साथ बढ़-चढ़कर कर मजबूत लोकतंत्र के निर्माण में अपना योगदान दे रहें। प्रातः समय से ही मतदाता लंबी-लंबी कतारों में लगकर मतदान कर रहे।

### सभी मतदान केंद्रों पर मतदाताओं के लिए रही उचित व्यवस्था



प्रत्येक मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं के लिए शीतल पेयजल, छांव, दवाईयां की व्यवस्था जिला प्रशासन द्वारा की गई है। साथ ही गर्मी को देखते हुए सभी मतदान केन्द्रों पर दोपहर के समय ठण्डी छाछ का वितरण भी मतदाताओं को किया गया है। कलेक्टर सह जिला निर्वाचन अधिकारी राघवेन्द्र सिंह, पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह एवं स्वीप अध्यक्ष सह जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर सतत मतदान केन्द्रों का भ्रमण कर मतदान प्रक्रिया का जायजा लेकर सभी मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने प्रेरित कर रहे हैं।

### 85 वर्ष की उम्र में मतदान को लेकर युवाओं जैसा उत्साह

डोंगरगांव निवासी चंद्रीबाई राठौर और भवानी बाई राठौर में 85 वर्ष की उम्र में मतदान को लेकर युवाओं जैसा उत्साह देखा गया। दोनों ने अपने मतदान केन्द्र डांगरगांव सोयत पर आकर अपना वोट देकर नैतिक जिम्मेदारी निभाई। दोनों मतदाताओं ने अपनी स्याही लगी उंगली दिखाकर युवा मतदाताओं से मतदान करने की अपील की। दोनों वृद्ध महिला मतदाताओं का मतदान को लेकर उत्साह देखते ही बन रहा था।

### दिव्यांग मोहनलाल विश्वकर्मा ने किया मतदान

आगर-मालवा। लोकतंत्र की जब शान हो बढ़ानी, मतदान करने में तब नहीं होती कोई परेशानी, इन्ही पंक्तियों को चरितार्थ करते हैं परसुलियाकलां के रहने वाले दिव्यांग मतदाता मोहनलाल विश्वकर्मा मतदान को लेकर काफी उत्साहित दिखे। स्वयं ने लाठी के सहारे अपने मतदान केन्द्र पर आकर अपना वोट देकर दिखा दिया कि मतदान के उत्साह के आगे दिव्यांगता बाधा नहीं है। जिले के सभी मतदान केन्द्रों पर दिव्यांग एवं वृद्धजनों को मतदान करने में प्राथमिकता दी गई। दिव्यांगजनों के लिये सभी मतदान केन्द्रों पर व्हीलचेयर की व्यवस्था रखी गई, जिससे की दिव्यांगजन सुगमता से मतदान कर सकें।








## सड़क, पानी की समस्या को लेकर ग्रामीणों ने किया चुनाव का बहिष्कार

**जिला प्रशासनिक अधिकारियों के आश्वासन पर 100 प्रतिशत मतदान को हुए राजी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कानड़

क्षेत्र के घानिखेड़ी ग्राम पंचायत के मवड़ी खेड़ा गांव के ग्रामीणों ने आगामी 13 मई को होने जा रहे लोकसभा चुनाव के बहिष्कार का निर्णय लिया था। ग्रामीणों द्वारा पेयजल एवं सड़क निर्माण को लेकर उक्त मतदान बहिष्कार का निर्णय लिया था और गांव के बाहर चुनाव के बहिष्कार के बैनर पोस्टर लगाए थे। इसी तारतम्य में सोमवार की शाम को जिला प्रशासन का अमला जिसमें जनपद पंचायत सीईओ एम एल स्वर्णकार, पीएचई अधिकारी केएस खत्री, आगर तहसीलदार आलोक वर्मा, नायब तहसीलदार पुलकित जैन, पटवारी शुभम शर्मा, पंकज वाजपेई, मनोहर तालविया आदि द्वारा गांव में पहुंचकर ग्रामीणों को आश्वासन दिया की आचार संहिता के बाद पंचायत से ठहराव प्रस्ताव लेकर खेत सड़क योजना राज्य शासन को भेज दी जाएगी। जिसकी स्वीकृति के बाद कार्य शुरू कर दिया जाएगा। पेयजल समस्या को लेकर जल जीवन मिशन योजना कुंडलिया डैम से आने वाले प्रोजेक्ट के तहत पैयजल समस्या हल कर दी जायेगी।

अधिकारियों के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने 13 में को मतदान करने के लिए सहमति जताई एवं लगाए गए बैनर पोस्टर को हटा दिए। ग्राम के जगदीश नायक, तूफान सिंह चावड़ा, सज्जन सिंह बंजारा, किशनलाल बंजारा, बनेसिंह, राजेंद्र सिंह नायक, प्रेम सिंह आदि ने मीडिया को बताया कि हमारे द्वारा चुनाव बहिष्कार का पक्का निर्णय लिया गया था। लेकिन आज अधिकारी वर्ग ने आकर हमारी समस्या को गंभीरता पूर्वक सुना और हमें आचार्य संहिता समाप्त होने के बाद सड़क और पानी की समस्या को हल किए जाने का वादा किया और अब हम 100% मतदान करेंगे।





### राजगढ़ लोकसभा के 15 उम्मीदवारों का फैसला ईवीएम में बंद

नलखेड़ा। राजगढ़ लोकसभा के 15 उम्मीदवारों का फैसला मंगलवार को हुए मतदान के साथ ईवीएम मशीन में बंद हो गया। राजगढ़ लोकसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के रोडमल नागर, कांग्रेस के दिग्विजयसिंह सहित 15 उम्मीदवार मैदान में हैं। राजगढ़ लोकसभा क्षेत्र में तीन जिलों की 8 विधानसभा शामिल हैं। जिनमें चाचौड़ा, ब्यावरा, सारंगपुर, राघौगढ़, राजगढ़, नरसिंहगढ, खिलचीपुर एवं सुसनेर शामिल हैं। इन आठ विधानसभा में से 6 पर भाजपा का एवं 2 पर कांग्रेस का कब्जा है। राजगढ़ लोकसभा में 15 लाख 78 हजार 748 मतदाता हैं। जिनमें 8 लाख 27 हजार 01 पुरुष एवं 7 लाख 51 हजार 747 महिला मतदाता हैं। मंगलवार को मतदान के बाद राजगढ़ लोकसभा के 15 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला ईवीएम मशीनों में बंद हो गया। मतगणना 4 जून को होगी।

## ईवीएम में बंद हुआ उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला, मतदाताओं ने शांतिपूर्ण तरीके से किया मताधिकार का उपयोग

# लोकतंत्र के महायज्ञ में मतदाताओं ने दी मत रूपी आहुति
















हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

राजगढ़ लोकसभा संसदीय क्षेत्र के लिए मंगलवार को नगर व क्षेत्र में शांतिपूर्ण तरीके से मतदान संपन्न हुआ। कहीं पर भी किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना व विवाद की स्थिति निर्मित नहीं हुई। क्षेत्र के मतदाताओं द्वारा अपने मताधिकार का उपयोग कर लोकतंत्र के महायज्ञ में अपने मत रुपी आहुति दी गई। भाजपा के वर्तमान सांसद रोडमल नागर तथा कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह सहित चुनाव मैदान में उतरे 15 उम्मीदवार के भाग्य का फैसला ईवीएम मशीनों में बंद हो गया है। 4 जून को पता चलेगा कि किसके सिर पर विजयश्री का ताज सजेगा।

सुसनेर विधानसभा क्षेत्र सहित नलखेड़ा नगर में मतदान को लेकर मतदाताओं में काफी उत्साह दिखाई दे रहा था। तेज धूप व भीषण गर्मी का असर मतदाताओं पर नही देखा गया दिनभर मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की लाइन लगी हुई थी। सभी मतदान केंद्रों पर मतदान प्रारंभ होने के 90 मिनट पूर्व माकपोल किया गया। उसके बाद 7 बजे से मतदान प्रारंभ हो गया था। कुछ मतदान केंद्रों पर प्रातः 7 बजे से ही मतदाताओं की लाईन लगना प्रारंभ हो गई थी वही कुछ मतदान केंद्रों पर 9 बजे बाद मतदान में तेजी आई। दोपहर 12 बजे बाद मतदान धीमा हो गया, क्योंकि तेज गर्मी के कारण मतदाता घरों से नहीं निकले। सायं 4 बजे बाद से एक बार पुनः मतदान में तेजी आई जो कि मतदान समाप्ती तक जारी रही। मतदान के प्रति युवाओं विशेषकर प्रथम मतदान करने वाले युवाओं में भारी उत्साह दिखाई दिया। कई बुजुर्ग मतदाताओं ने भी मतदान केंद्र पहुंचकर अपने मताधिकार का उपयोग किया। कुछ बुजुर्ग मतदाताओं द्वारा अपने परिवार वालों के सहयोग से मतदान किया।





### विवाह से पहले मतदान

राजगढ़ लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के सुबह से ही मतदाता उत्साह पूर्वक लाइन में लगकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर रहे हैं। नलखेड़ा के बूथ क्रमांक 193 पर एक दूल्हे ने मतदान केंद्र पहुंच कर मतदान किया। दूल्हे से जब पूछा गया की वैवाहिक परंपरा में हल्दी लगने के बाद युवक घर से बाहर नहीं निकलते हैं तो वे मतदान करने बाहर कैसे निकले। उन्होने जवाब दिया की परंपरा अपनी जगह है और कर्तव्य अपनी जगह। सबको मतदान करना चाहिए।

### नलखेड़ा नगर में 15 मतदान केंद्र बनाए गए

नलखेड़ा नगर में कुल 15 मतदान केंद्र बनाए गए थे। पोलिंग क्रमांक 185 से 199 क्रमांक के पोलिंग बूथ बनाये गए थे मतदाताओं की संख्या 12798 है जिसमें पुरुष मतदाता 6362 महिला मतदाता 6436 है। नगर के लगभग सभी मतदान केंद्रों पर प्रातः 7:00 बजे से ही मतदान प्रारंभ होने के साथ ही मतदाताओं की भीड़ लगना प्रारंभ हो गई थी मतदाताओं ने इस बार पूरे जोश व उत्साह के साथ मतदान में भाग लेकर मतदान किया। इस बार के चुनाव में सुरक्षा व्यवस्था के माकूल इंतजाम से मतदाताओं में बेखौफ होकर मतदान में हिस्सा लिया। वहीं फर्जी मतदान की कोई घटना भी चुनाव में दिखाई नहीं दी।

**ये उत्साह कम न होने पाए :** नलखेड़ा की 85 वर्षीय बुजुर्ग महिला आशाबाई बाई ने मतदान किया और लोगों से वोट डालने का आग्रह किया। लोकसभा चुनाव में मतदान के प्रति मतदाताओं में वोट डालने के प्रति जागरूकता का जो अलख जगाया था उसके सार्थक परिणाम देखने को मिले हैं। इसी के चलते नलखेड़ा नगर सहित अंचल के लगभग सभी मतदान केंद्रों पर मतदाताओं का वोट डालने के प्रति उत्साह दिखाई दिया। वोटिंग प्रारंभ होने के साथ ही मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की भीड़ लगी हुई दिखाई दी।

### पहली बार मतदान करने वालों में रहा खासा उत्साह

नगर नलखेड़ा की राधिका पिता चतुर्भुज सोनी उम्र (19) ने पहली बार अपने मतदान का उपयोग अपने परिवार जनों के साथ जाकर किया। राधिका ने बताया कि में सुबह से उत्साहित थी मतदान करने के बाद मुझे काफी अच्छा लगा और में अपील करती हूं की हर मतदाता को अपने वोट का उपयोग करना चीहिये। नलखेड़ा नगर के वार्ड क्रमांक 8 के मतदान केंद्र सहित क्षेत्र के कुछ मतदान केंद्रों पर मशीन खराब हो जाने से नागरिकों को कुछ समय तक इंतजार करना पड़ा व विविपेड के सही होने के बाद वापस से मतदान प्रारंभ किया गया।

### पांच केन्द्र थे नलखेड़ा में संवेदनशील

नलखेड़ा में पांच मतदान केंद्र संवेदनशील होने से वहां पर विशेष सुरक्षा बल तैनात किया गया। इन केंद्रों पर माइक्रो ऑब्जर्वर की निगरानी भी रखी गई थी। इन केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हुए थे। इसी के साथ लोकसभा क्षेत्र में. पिंक मतदान केंद्र बनाए गए थे जहा मतदान दल में महिलाओं द्वारा ही कार्य किया गया।





## खबर संक्षेप

### मतदाता जागरूकता अभियान का हुआ आयोजन



**देवास।** नेहरू युवा केंद्र, मप्र जन अभियान परिषद्, नवांकुर संस्था, दशमेश सोशल एजुकेशनल सोसायटी, खेल एवं युवा कल्याण विभाग देवास के संयुक्त तत्वाधान में मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन कलेक्टर/जिला निर्वाचन अधिकारी के मार्गदर्शन में किया गया। स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत 7 मई को बड़ा बाजार में हुए मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत मतदान के बारे में युवाओं को जागरूक किया एवं सभी को मतदान करने के लिए प्रेरित किय। साथ ही अधिक से अधिक मतदान करने की शपथ दिलाई। अंत में सन्मीत खनूजा डायरेक्टर ने सभी को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई। संचालन अनिल जैन ने किया। इस अवसर पर राहुल गहलोत, भरत चौधरी, रोहन बरोड़ आदि उपस्थित थे। आभार दीपक विश्वकर्मा ने माना।

### आबकारी विभाग के दल ने कार्रवाई कर 10 प्रकरण किए दर्ज



**देवास।** आबकारी विभाग के दल ने देवास, कन्नौद एवं नेमावर में ढाबों में कार्यवाही कर आरोपियों के विरुद्ध मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत धारा 34(1) के तहत कुल 10 प्रकरण पंजीबद्ध किये गये। जिसमें कुल 131 पाव देसी मदिरा, 01 बोतल व 08 पाव अंग्रेजी मदिरा के, 07 लीटर कच्ची हाथ भट्टी मदिरा, 200 किलो महुआ लहान,82 केन बीयर जप्त की गई। कार्यवाही में जप्त मदिरा का बाजार मूल्य 44 हजार 960 रुपए है। कार्यवाही में आबकारी उप निरीक्षक राजकुमारी मंडलोई, प्रेम यादव, कैलाश जामोद, विजय कुचेरिया, आबकारी मुख्य आरक्षक दीपक धुरिया, राजाराम रेकवार, आबकारी आरक्षक बालकृष्ण जायसवाल, आशीष, भगत परते एवं निहाल खत्री शामिल थे।

### मई माह में 39 डिग्री पहुंचा तापमान

**देवास।** दिनों गर्मी का असर बढने लगा है एक दिन की राहत के बाद फिर से अब पारे में वृद्धि हो रही है। मंगलवार को अधिकतम तापमान 39 डिग्री पर पहुंच गया। जिसके कारण गर्मी की तपन बढ़ने लगी है। सुबह से ही तेज गर्मी के असर के चलते लोगों को परेशान होना पड़ा। इधर न्यूनतम तापमान 26 डिग्री दर्ज किया गया है। जबकि एक दिन पहले अधिकतम तापमान 38 डिग्री व न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ दिनों पहले पारे में उतार-चढ़ाव के कारण गर्मी से राहत थी लेकिन अब पारे में वृद्धि होने से तेज गर्मी का प्रकोप बढने लगा है। मौसम जानकारों का कहना है कि आगामी कुछ दिनों में पारे में और वृद्धि होगी।

## तृतीय चरण में लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 18-विदिशा की खातेगांव विधानसभा में 289 मतदान केंद्रों में हुआ मतदान

# खातेगांव विस में 69.14 प्रतिशत हुआ मतदान, एक लाख 63 हजार 691 मतदाताओं ने किया अपने मत का उपयोग






तृतीय चरण में लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 18-विदिशा के लिए देवास जिले की खातेगांव विधानसभा में 289 मतदान केन्द्रों में मतदान कराया गया। मतदान को लेकर मतदाताओं में जमकर दिखा उत्साह।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

विदिशा-रायसेन लोकसभा सीट अंतर्गत जिले की खातेगांव विधानसभा में मंगलवार सुबह 7 शुरू हुआ मतदान शाम 6 बजे थम गया। बचे हुए मतदाताओं को पर्ची के जरिए वोटिंग करवाई गई। विधानसभा के कुछ गांवों में रोड नहीं होने से ग्रामीणों ने मतदान का बहिष्कार किया। क्षेत्रीय विधायक आशीष शर्मा ने सुबह मतदान केंद्र पहुँचकर मतदान किया। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी लोकसभा आम निर्वाचन-2024 कार्यक्रम अनुसार तृतीय चरण में लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 18-विदिशा के लिए देवास जिले की खातेगांव विधानसभा में 289 मतदान केन्द्रों में मतदान कराया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋषव गुप्ता ने मतदान के दौरान खातेगांव विधानसभा में मतदान की पल-पल की गतिविधियां पर विशेष नजर रखी। कलेक्टर गुप्ता ने खातेगांव विधानसभा में बनाये गये मतदान केन्द्रों का भ्रमण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिये। खातेगांव विधानसभा में हर घटनाक्रम पर जानकारी ली और अधिकारियों को आवश्यक मार्गदर्शन भी दिया। खातेगांव विधानसभा में मतदान के लिए आदर्श मतदान केंद्रों पर मतदाताओं का रेड कारपेट बिछाकर स्वागत किया गया। आदर्श मतदान केंद्रों पर स्वागत द्वार बनाए गए थे। चयनित मतदान केंद्रों पर मतदाताओं को अपने बारी का इंतजार करने के लिए खड़े नहीं होना पड़ा बल्कि बैठने के लिए कुर्सियों की व्यवस्था की गई। मतदान केन्द्रों पर रैम्प, पीने के पानी, लाइट, शौचालय, दिव्यांगजन सुगमतापूर्वक मतदान कर सके, इसके लिए व्हील चेयर की व्यवस्था की गई।

### मतदाताओं में भारी उत्साह देखने को मिला

लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 18-विदिशा के लिए देवास जिले की खातेगांव विधानसभा में मतदान के प्रति सभी वर्गो के मतदाताओं में भारी उत्साह देखने को मिला। मतदाता सुबह से ही मतदान केन्द्र में पहुंचे और मतदान किया। खातेगांव विधानसभा में मतदान केन्द्रों पर सुबह से लम्बी-लम्बी लाइन देखने को मिली। मतदाताओं की सुविधा के लिए सभी मतदान केन्द्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं की गई। मतदान केन्द्रों पर रैम्प, पीने के पानी, लाइट, शौचालय, दिव्यांगजन सुगमतापूर्वक मतदान कर सके, इसके लिए व्हील चेयर की व्यवस्था की गई। मतदाता सुबह से ही मतदान केन्द्र में पहुंचे और मतदान किया। मतदाताओं ने मतदान केन्द्रों पर बनाये गये सेल्फी पाईंट पर सेल्फी भी ली। खातेगांव विधानसभा में मतदान के प्रति बुजुर्गों में भी भारी उत्साह देखने को मिला। बुजुर्ग मतदाता सुबह से ही मतदान केन्द्र में पहुंचे और मतदान किया। उन्होंने मतदान केन्द्र पर बनाये गये सेल्फी पाईंट पर उत्साह से फोटो भी खिंचवाई। तापमान बढ़ने के साथ धीमा मतदान की रफ्तार धीमी हुई। सुबह 11:00 बजे तक 33 प्रतिशत मतदान होने के बाद जैसे-जैसे तापमान में बढ़ोतरी होती गई मतदान प्रतिशत में औसत कमी देखने को मिली, लेकिन सुबह के 4 घंटे में 33% मतदान होने से ओवरऑल प्रतिशत 60 के ऊपर पहुंच गया। सुबह प्रशासन को खातेगांव विधानसभा के पांच गांवो में मतदान बहिष्कार की सूचना मिली। जिसके बाद प्रशासन ने मतदाताओं से मान मनोवल कर सभी बहिष्कार वाले स्थानो पर डिप्टी कलेक्टर रेंज के अधिकारियों को भेजा और मतदान करवाने का प्रयास किया, लेकिन ग्राम पंचायत खिड़किया के अंतर्गत आने वाले ग्राम खेड़ी में ग्रामवासियों ने मतदान का बहिष्कार किया, उनका कहना था कि रोड नहीं तो वोट नहीं। वहां के ग्रामीणों का कहना है कि बीते कई वर्षों से रोड जैसी आधारभूत सुविधा से हम वंचित हैं। हमारे बच्चों को शिक्षा देने के लिए 3 से 4 किलोमीटर छोड़ने जाना पड़ता है। वहीं सड़क मार्ग न होने के कारण स्कूल की बस नहीं आ पाती। वही आपातकालीन सेवाओं सहित आधारभूत सुविधाओं से भी हम वंचित रहते है।

### दुल्हे ने किया मतदान



**देवास।** विदिशा संसदीय क्षेत्र अंतर्गत खातेगांव विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र–04 हतनोरी में धर्मेंद्र पिता प्रेम मोरी ने शादी से पहले अपने मताधिकार का उपयोग किया।



**देवास।** कलेक्टर ने मतदान केंद्रों पर पहुंचकर ली जानकारी।



**देवास।** विधायक आशीष शर्मा ने किया मतदान।

### कलेक्टर गुप्ता ने हर गतिविधियों पर रखी नजर



जिले की खातेगांव विधानसभा में लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 18-विदिशा के लिए शांतिपूर्ण तरीके से मतदान संपन्न हुआ। लोकसभा निर्वाचन के लिए खातेगांव विधानसभा क्षेत्र में 69.14 प्रतिशत मतदान हुआ। खातेगांव विधानसभा में 01 लाख 63 हजार 691 मतदाताओं ने मतदान किया। जिसमें 88 हजार 459 पुरूष, 75 हजार 231 महिलाओं एवं 01 अन्य मतदाता ने मतदान किया। खातेगांव विधानसभा में मतदान के लिए 289 मतदान केन्द्र बनाये गये थे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋषव गुप्ता ने खातेगांव विधानसभा में मतदान के दौरान सुबह से लेकर शाम तक मतदान की पल-पल की गतिविधियां पर विशेष नजर रखी। मतदान केन्द्रों का भ्रमण किया, हर घटनाक्रम पर जानकारी लेते रहे तथा अधिकारियों को आवश्यक मार्गदर्शन भी दिया। खातेगांव विधानसभा में मतदान के लिए सुरक्षा के माकूल बंदोबस्त किए गए थे। सेक्टर मजिस्ट्रेट अपने-अपने सेक्टर में कानून व्यवस्था को बनाए रखने के साथ ही मतदान को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए भ्रमण करते रहे। इसके अलावा फ्लाइंग स्क्वाड द्वारा गश्त कर मतदान के दौरान शांति व कानून व्यवस्था पर निगाह रखी। चेक पोस्टों पर एसएसटी टीमें तैनात रही। खातेगांव विधानसभा में मतदान केन्द्रों पर सभी व्यवस्थाएं की गई। चयनित मतदान केंद्रों की वेब कास्टिंग कराई गई। इन केंद्रों पर मतदान प्रक्रिया कर आयोग स्तर के साथ ही भोपाल व जिला मुख्यालय से सतत नजर रखी गई। आदर्श और पिंक मतदान केन्द्र बनाये गये। आदर्श मतदान केंद्रों पर स्वागत द्वार बनाए गए थे।



**देवास।** मतदान को लेकर महिलाओं में दिखा उत्साह, घर के काम काज निपटाकर मतदान केंद्रों पर वोट डालने पहुंची महिलाएं।



**देवास।** मतदान केंद्रों पर वोट डालने जगह-जगह नजर आई लंबी-लंबी कतारे।

## अमलतास मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल ने दी शहर को तीन नई बड़ी सौगात

# विश्वस्तरीय सेवाओं के लिए अमलतास है प्रतिबद्धः भदौरिया





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

अमलतास अस्पताल द्वारा क्षेत्रवासियों को तीन बड़ी सौगात दी गई है। मुख्य अथिति ऋषव गुप्ता देवास कलेक्टर द्वारा अत्याधुनिक तकनीक से भरपूर एमआरआई मशीन का शुभारम्भ किया गया। एडवांस्ड एमआरआई मशीन से शरीर के भीतरी सूक्ष्म अंगो की तस्वीरों से विस्तृत जानकारी लेकर बीमारीयों का पता लगाना आसान होगा। निजी अस्पतालों में जो एमआरआई की जाँच की लागत है उनसे आधे व किफायती दरों में सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। दूसरी बड़ी सौगात संस्थान में काम करने वाली उन माताओं के लिए झूला घर का उद्घाटन किया गया जिनके बच्चे छोटे हैं। ये माताएं अपने छोटे बच्चे को झूला घर में छोड़ सकती हैं और बिना तनाव काम पर ध्यान कर सकती हैं, उनके बच्चों की देखभाल झूला घर के कर्मचारी करेंगे। इस पहल की सभी ने सराहना की। तीसरी सौगात के रुप में कलेक्टर के आह्वान पर मतदान दिवस पर वोट डालकर आए मतदाता द्वारा अपनी ऊँगली पर स्याही का निशान दिखाने पर अमलतास अस्पताल द्वारा निःशुल्क जाँच और परामर्श दिया जाएगा।

साथ ही अमलतास ग्रुप की विभिन्न संस्थाओ जैसे वाटर पार्क व होटल पर भी भारी छुट दी जाएगी। इस अवसर पर पर कलेक्टर ऋषव गुप्ता द्वारा अस्पताल प्रशासन को शुभकामनाएं दी गई। अमलतास अस्पताल के चेयरमैन मयंक राज सिंह भदौरिया द्वारा बताया गया की मरीजों की स्वास्थ्य सुविधाओ में बेहतरी एवं विश्वस्तरीय सेवा के लिए अमलतास प्रतिबद्ध है। प्राइवेट अस्पताल में एमआरआई की जांच कराना बहुत महंगा होता है. अब अमलतास अस्पताल में एमआरआई जांच की सुविधा आसानी से मिल जाएगी । इस अवसर पर कुलपति अमलतास विश्वविद्यालय डॉ. शरद चन्द्र वानखेड़े डीन डॉ. ए.के.पिठवा, निदेशक डॉ.प्रशांत, रेडियोलोजी विभागाध्यक्ष डॉ.एन.के.मित्तल , स्पेशल स्कूल के प्रिंसिपल डॉ. भारती लाहोरिया एवं सभी पत्रकार बन्धु उपस्थित थे।

# चापड़ा के इंदौर रोड पर अज्ञात वाहन ने मारी बाइक को टक्कर, एक व्यक्ति की मौत



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

चापडा इंदौर रोड पर एक अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में एक युवक की मौत हो गई। सोमवार देर रात्रि को इंदौर रोड पर पुरानी बीयर बार के पास अज्ञात वाहन ने एक बाइक को टक्कर मार दी जिसमें बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गई।

सूचना मिलने पर पुलिस चौकी प्रभारी उपेंद्र नाहर, प्रधानआरक्षक राजेश एवं डायल हंड्रेड मौके पर पहुँची, जहां पर पुलिस वाहन से युवक के शव को शासकीय अस्पताल बागली ले जाया गया। चौकी प्रभारी उपेंद्र नाहर ने बताया कि मृतक चंदन पिता प्रेमा भिलाला 22 साल निवासी ग्राम किशनगढ़ उदायनगर बाइक से कहीं जा रहा था। उसी दौरान अज्ञात वाहन चलाक ने टक्कर मार दी जिसमें चंदन की मौत हो गई। मंगलवार के दिन चंदन के शव का पीएम कर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। मृतक करनावद से अपने गांव जा रहा था,उसी दौरान हादसे का शिकार हो गया है। नाहर ने बताया कि प्रकरण को जांच में लेकर उक्त वाहन की तलाश की जा रही है।

## गुना-शिवपुरी लोकसभा सीट के 15 प्रत्याशियों की किस्मत ईवीएम में बंद

# युवाओं ने रोजगार को लेकर तो बुजुर्ग ने सोच समझकर किया अपने मत का प्रयोग





हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवपुरी

गुना-शिवपुरी लोकसभा सीट पर सुबह 7 बजे से ही मतदान करने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी थी मतदान केंद्रों पर सुबह 7 बजे से ही लम्बी लम्बी लाइन नजर आई साथ ही केंद्र पर करीब 12 बजे तक लाइन में लगकर लोगों ने अपने मत का प्रयोग किया इसके बाद अधिक तापमान बढ़ने के साथ लोगों का आना भी कम हो गया और फिर करीब 3 बजे से मतदान करने लोगो को फिर से मतदान केन्द्रो पर लाइन में लगते देखा इसके बाद लगातार लोग आते रहे और मतदान करते रहे करीब 6 बजे तक मतदान केन्द्रों पर लोगो को अंदर जाने दिया इसके बाद प्रवेश बंद कर दिया। इस दौरान केंद्र के अंदर मौजूद मतदाताओं को ही वोट डालने दिया गया। नए मतदाता को एंट्री नहीं मिली।

## शाम 6 बजे तक 68.72 प्रतिशत हुई वोटिंग





गुना-शिवपुरी लोकसभा सीट पर 15 प्रत्याशियों के बीच मुकाबला है। मुख्य मुकाबला भाजपा के ज्योतिरादित्य सिंधिया और यादवेंद्र सिंह यादव के बीच है। यहां कुल 18.8 लाख मतदाता हैं। 64 हजार पहली बार के वोटर हैं। शाम 6 बजे तक 68.72 प्रतिशत मतदान हो चुका है। मतदान शाम 6 बजे तक चलेगा। मतदान करने में युवाओं से लेकर बुजुर्गों ने भी लिया बढ़चढ़ कर हिस्सा।

**- पहली बार के वोटर बोले रोजगार की हो व्यवस्था** :इस लोकसभा चुनाव में करीब 64 हजार पहली बार के वोटर हैं। कुछ लोगों ने बताया कि सरकार चाहे किसी की भी हो लेकिन युवाओं के लिए रोजगार की व्यवस्था होना चाहिए जिससे युवा बेरोजगार न घूमे वह अपने परिवार का पेट पालन कर सके। निहारिका ने कहा कि सरकार से यह कहना है कि लोगों को विकैसी दे जिससे युवाओं को रोजगार मिले। नम्रता सिंह ने कहा कि मैंने यही सोचकर वोट किया है कि सरकार सभी को रोजगार दे क्रतिका ने कहा कि मैने तो वैकेंसी को लेकर सोचकर वोट दिया है।

### गुना लोकसभा क्षेत्र में वोटिंग का प्रतिशत

| समय | प्रतिशत |
|---|---|
| सुबह 9 बजे तक | 16.43 |
| सुबह 11 बजे तक | 34.53 |
| दोपहर 1 बजे तक | 49.93 |
| दोपहर 3 बजे तक | 60.16 |
| शाम 6 बजे तक | 68.72 |

### शाम 5 बजे तक विधानसभावार वोटिंग

| समय | प्रतिशत |
|---|---|
| अशोकनगर- | 71.14 प्रतिशत |
| बमोरी- | 69.90 प्रतिशत |
| चंदेरी- | 66.74 प्रतिशत |
| गुना- | 66.74 प्रतिशत |
| कोलारस- | 67.60 प्रतिशत |
| मुंगावली- | 69.3 प्रतिशत |
| पिछोर- | 70.60 प्रतिशत |
| शिवपुरी- | 64.98 प्रतिशत |



# बेटी से बात करने का शक, पिता ने पड़ोसी युवक की हत्या की

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवपुरी

जिले के छर्च थाना क्षेत्र के डोभा गांव में बेटी से बातचीत के संदेह में एक पिता ने अपने भाई और उसकी पत्नी के साथ मिलकर कुल्हाड़ी से पड़ोस के एक युवक की हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि दोनों पक्ष में मारपीट भी हुई है जिसमें म्रतक के भाई व अन्य परिजन भी घायल हुए है। पुलिस ने इस मामले में 3 लोगों पर हत्या का केस दर्ज कर लिया है। आरोपियों में एक महिला भी शामिल है।

जानकारी के मुताबिक, डोभा गांव का रहने वाला बड्डे उर्फ भरत कुशवाह को गांव के 20 वर्षीय अरविंद कुशवाह पर उसकी बेटी के बीच वार्तालाप शुरू होने का संदेह था। इसकी पुख्ता जानकारी बीते रोज भरत कुशवाह को लग गई थी। इसी बात से भड़ककर सोमवार को 11 बजे अपने भाई धनराज व उसकी पत्नी बोटो बाई के साथ लाठी व कुल्हाड़ी लेकर अरविंद कुशवाह के घर पहुंच गया। उस वक्त अरविंद के साथ घर में उसका भाई दीपक व अन्य लोग थे। भरत कुशवाह ने घर में आते ही गाली-गलौंच शुरू कर दी और लाठियों से पहले दीपक की मारपीट की। इतने में जब अरविंद सामने आया तो इन तीनों ने अरविंद पर पहले लाठी से वार किया। अरविंद बचने के लिए घर के बाहर भागा, लेकिन कुछ दूर जाकर भरत कुशवाह ने अरविंद की गर्दन पर कुल्हाड़ी से वार किया तो अरविंद मौके पर गिर गया और कुछ ही देर में उसकी मौत हो गई। घटना के बाद भरत ने दीपक के पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी और मौके से फरार हो गया। इधर, मामले की सूचना पर से मौके पर छर्च थाना पुलिस पहुंची और शव को पीएम के लिए पहुंचाया। घटना के बाद आरोपी अपने मकानों में ताले लगाकर फरार हो गए। पुलिस तीनों आरोपियों को पकड़ने का प्रयास कर रही है।

**इनका कहना है**

मामले में बताया जा रहा है कि जो लड़की है उसकी शादी हो चुकी है लेकिन वह कुछ दिनों से अपने मायके में रह रही थी वह पास के लड़के से बात भी करती थी जिसको लेकर लड़की का पिता उसके घर पहुंचा था जहां लड़ाई हो गई इसमें लड़के की कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर दी है पुलिस ने तीन लोगों पर मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। जल्द आरोपियों की तलाश की जाएगी।

**सुजीत सिंह** भदौरिया एसडीओपी पोहरी

# सात बोर असफल होने के बाद मिली किसान को सफलता,जमीन से निकला 30 फीट ऊंचा फव्वारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवपुरी

जिले के कोलारस थाना क्षेत्र के रिजौदा गांव में किसान के खेत में मशीन से बोरिंग करते वक्त जमीन से करीब 30 फीट ऊंचा फब्बारा निकल पड़ा। जमीन से प्रेशर के साथ निकलते पानी को देखकर एक समय के लिए मलिक सही ग्रमीण हैरान हो गये। लेकिन इसके बाद एक मुस्कुराहट चेहरे पर खिली जमीन से निकला पानी का फव्वारा काफी देर तक चलता रहा। इसका वीडियो भी ग्रामीणों के द्वारा बनाया गया जो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। अक्सर गर्मियों में जमीन का जल स्त्रोत काफी नीचे जाता है लेकिन बोरवेल में निकले इस पानी के देखकर सभी ग्रामीणों के चेहरे पर मुस्कुराहट देखने को मिली।



### सात बोर में 800 फीट तक नहीं आया पानी

जानकारी के मुताबिक रिजौदा गांव के रहने वाले किसान मुकेश रघुवंशी पिछले डेढ़ साल के भीतर अपने खेत में 7 बोर बोरवेल की मशीन से करा चुके हैं। लेकिन बोर 700 से 800 फीट कराने के बाद भी पानी नहीं निकला था। लेकिन जब 8 वां बोर मुकेश रघुवंशी ने अपने खेत में बोरवेल की मशीन से कराया। जहां जिसमें महज 280 फीट पर ही मशीन की ड्रिल पहुंचते ही पानी का फब्बारा निकला पढ़ा, यह फब्बारा जमीन से करीब 30 फीट ऊंचाई तक उठा और काफी देर तक चलता रहा। बाद में मशीन ने 400 फीट तक गहरा बोर किया। सातवीं बार के बाद आठवीं बार में मिली सफलता के बाद किसान मुकेश रघुवंशी ने भरपूर पानी मिलने पर राहत की सांस ली है। साथ ही मुकेश की इस खुशी में सभी ग्रमीण भी समिल है वह भी इस पानी को देखकर खुश है।

## युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर जान दी

**अशोकनगर।** जिले के ग्राम रातीखेडा निवासी एक 48 वर्षीय युवक ने परिवारजनो की प्रताडना से तंग आकर जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल मे भर्ती कराया गया था। जहा उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। मृतक बंटी पुत्र टीना केवट का पोस्टमार्टम कर शव परिवारजनो को सोप दिया गया हैं। मृतक के छोटे पुत्र ने बताया कि उसकी पत्नि एक साल पहले मायके चली गई है। जिस पर से उसके ससुराल वालो ने उस पर दहेज प्रताडना का केस लगा दिया है। युवक का कहना है कि उसका ससुर एक दिन पहले हमारे गाव आया था और धमकाकर चला गया था। उसने यह भी कहा था कि शिवपुरी पेशी पर आए तो गोली मार देगें। इसी बजह से परेशान होकर उसने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया।

# कुत्ते के हमले से चार साल के मासूम के सिर में आए 30 टांके

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवपुरी

जिले के इंदार थाना क्षेत्र के सिंघाराई गांव में घर के बाहर खेलने निकले चार साल के मासूम बालक पर कुत्ते ने अचानक से हमला कर दिया। कुत्ते ने मासूम के सिर पर काट कर उसे गंभीर घायल कर दिया। घायल मासूम बालक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उपचार के दौरान मासूम बालक के सिर में 30 टांके आए है।

मासूम के सिर में टांके लगाने में डॉक्टर और नर्सिंग स्टाफ को करीब दो घंटे का समय लग गया। इस दौरान मासूम को दर्द से बिलखता देख परिवार का एक सदस्य बेहोश होकर गिर पड़ा था। घायल गंभीर मासूम का उपचार जिला अस्पताल में जारी है।



जानकारी के अनुसार सिंघाराई गांव की रहने वाले परसादी जाटव का चार साल का मासूम आशिक जाटव घर से खेलने निकला ही थी। घर के दरवाजे में दो लकड़ियां (बेंडा) के बीच झुक कर निकला था। इसी दौरान एक कुत्ते ने उसकी सिर को काट लिया था। इसके बाद तड़पते बच्चे को लेकर वह रन्नौद के स्वास्थ्य केंद्र पहुंचा। जहां से डॉक्टर ने बेटे को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### निजी वाहन कर अस्पताल पहुंचा पिता

परसादी जाटव ने बताया बेटे का सिर खून से लहूलुहान था। चुनाव के चलते उसे अस्पताल में एबुलेंस नहीं मिली थी। इसके बाद वह तीन हजार रुपए खर्च कर एक निजी वाहन से बेटे को लेकर जिला अस्पताल पहुंचा। जहां बेटे के सिर में 30 टांके आए हैं। उसका उपहार जिला अस्पताल में जारी है।

### ग्रामीण कर रह थे प्रदर्शन

## सिद्वो की टोरिया से लापता हुआ युवक खुद ही पहुंच गया थाने



**अशोकनगर।** देहात थाने के अंतर्गत ग्राम रिजौदा निवासी राजा सिंह पुत्र पहलवान सिंह यादव उम्र 30 वर्ष के लापता होने की सूचना मिलने और सिद्वो की टोरिया से युवक की बाइक ,जूता और कपड़ा और अन्य सामग्री बरामद होने पर ग्रामीण क्षेत्र मे हड़कंप मच गया। पूरी रात ग्रामीणों और पुलिस की खोजबीन के बाद जब युवक नही मिला तो ग्रामीणों ने देहात थाने के बाहर चक्काजाम किया। काफी विरोध होने के बाद पुलिस युवक की तलाश कर रही थी।



इसी दौरान युवक अचानक देहात थाने पहुंच गया। जहा देहात थाने की पुलिस ने युवक से चर्चा की और युवक को वाहन मे बिठाकर उसके द्वारा दी गई जानकारी के बाद बताए गए स्थानो पर युवक को ले जाकर पुलिस द्वारा जांच की गई। युवक थाने जब पहुचा तब कोलुआ रोड पर स्थित पहाड पर बने सिद्व बाबा स्थान के समीप वेयर हाउस पर तैनात एक महिला कर्मचारी को जब थाने पूछताछ के लिए लाया गया। उसके बाद ही युवक देहात थाने पहुच गया। ग्रामीणो ने बताया कि युवक को किसी प्रकार के नशीले पदार्थ का सेवन कराया है। जिससे वह सही ढंग से बता नही पा रहा है। गाव के राजपाल यादव ने बताया कि युवक गाव मे मंदिर पर सेवा करता हैं और प्रतिदिन सुबह प्रभातफेरी निकालता था। युवक के पास किसी का फोन आया था। इसके बाद वह सिद्वो की टोरिया पर गया था। वहा से युवक लापता हो गया। उसका किसी से कोई झगडा नही है।

### घर में घुसकर सामान चुरा ले गए चोर

**अशोकनगर।** जिले के मुगावली थाने के अंतर्गत मोहम्मद शकील खान निवासी बरखेडी हाल निवासी पुराना बाजार मुगावली ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि फरियादी के रिश्तेदार का पुराने बाजार मे मकान है। जहा से आरोपी फरियादी के रिश्तेदार के घर मे घुसकर सोने के दो जोडी टॉप्स कान की बाली और तीन पायल पुरानी चोरी कर ले गए।

## जिले में मारपीट के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रो मे मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किये गए है। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत नगेश्री चौराहा निवासी करण सिंह रघुवंशी ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि आरोपी बब्लेष सिंह रघुवंशी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम टकनेरी निवासी वीरसिंह आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि आरोपी राजा आकाश हेमू और रविन्द्र आदिवासी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के मुगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत मुगावली निवासी परमानंद प्रजापति ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि आरोपी हरिराम ब्रजेन्द्र ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के मुगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम लुहारी निवासी चंद्रभान लोधी ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि आरोपी सुरेष यादव सुरेन्द्र और दीपक यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।जिले के बहादुरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम खैरादा चक्क निवासी श्यामलाल अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि आरोपी कल्लू और शैलो बाई ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

## शासकीय कार्य मे बाधा डालने पर मामला दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के नईसराय थाने के अंतर्गत ब्रजेश कुशवाह निवासी नईसराय ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि टीकाराम जाटव ने शासकीय राशन की दुकान के सामने शासकीय कार्य मे बाधा पहुचाई जिस पर से पुलिस ले आरोपी के विरूध शासकीय कार्य मे बाधा पहुचाने का मामला दर्ज किया है।

### फांसी लगाकर की खुदकुशी

**अशोकनगर।** जिले के पिपरई थाने के अंतर्गत फूलसिंह पुत्र किशनलाल अहिरवार निवासी मूडरा बहादरा ने अपने ही घर मे फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली।

### सतनवाड़ा थाने के ग्राम कांकर में चोरों के हौसले बुलंद, ग्रामीण परेशान

# चोरों ने 12 घरों के चटकाए ताले, नकदी सहित जेवरात ले गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवपुरी

पुलिस की व्यस्तता का फायदा उठाते हुए चोरों ने सतनवाड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम कांकर में एक के बाद एक लगातार 12 घरों को निशाना बनाया। चोरों ने 12 घरों के ताले चटकाकर घरों के अंदर रखें करीब 2 लाख 90 हजार नकदी सहित लाखों रुपए के सोने-चांदी के गहनों पर हाथ साफ कर दिया। खास बात यह रही जिस वक्त चोरों की गैंग ने ग्राम में चोरी की इस वारदात को अंजाम दिया उस वक्त कुछ ग्रामीण छत पर सो रहे थे तो कुछ लोग खेत गए हुए थे।

चोरों की गैंग चोरी की इस बड़ी वारदात को बखूबी अंजाम देकर फरार हो चुकी है। लेकिन ग्रामीण सहित पुलिस को कोई भनक नहीं लग सकी। सुबह जब ग्रामीण सो कर उठे तो चोरी की घटना का पता चला। चोरी की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर भी पहुंची और मौका मुआयना कर वापस लौट गई। इस बात से ग्रामीण खफा है कि ग्राम में चोरियों की इतनी बड़ी वारदात होने के बाद भी पुलिस ने कोई दिलचस्पी नहीं ली। चना बेचकर आए किसान के घर में रखे 1लाख तो ड्राइवर के 80 हजार पार, कांकर के ग्रामीणों के मुताबिक रविवार-सोमवार की देर रात चोरों के एक गैंग ने 12 घरों को एक साथ निशाना बनाकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। इस बीच चोर एक किसान के घर में रखे 1 लाख रुपए नगदी चुरा कर ले गए जो कि किसान ने चना बेचकर घर में रखे थे वहीं चोरों ने एक ड्राइवर को भी नहीं बक्सा जिसके घर में 80 हजार रुपए रखे हुए थे। इस तरह चोर 9 घरों से करीब 2 लाख 90 हजार नगदी सहित 12 लाख का माल ले गए।

उम्मेद सिंह पुत्र सुघर सिंह धाकड़ः खेत में सोनू गए थे जबकि परिवार के अन्य सदस्य छत पर सो रहे थे चोरी कुंडी को काट कर घर में रखे तीन छोटे व एक बड़ा मंगलसूत्र, 1 सोने अंगूठी, 1 सोने की वाली, 1 जोड़ी कान के टॉप्स, 6 जोड़ी चांदी की पायल 900 ग्राम वजनी, 2 करधौनी चांदी की 1 किलोग्राम वजनी, 25 चांदी पंचम जहाज सिक्के, 40 हजार रुपए नगद। मलूका सिंह पुत्र मुरारी लाल धाकड़ः छत पर परिवार सहित सो रहे थे। सुबह उठ कर देखा तो दरवाजे की कुंडी कटी थी कमरे में रखे 1 लाख रुपए गायब थे जो 4 दिन पहले चने बेचने के बाद रखे थे। होतम पुत्र करन सिंह धाकड़ः खेत पर परिवार सहित गए थे घर सूना था दरवाजे की कुंडी काट कर कमरे में रखे 1 सोने की चैन, 1 जोड़ी चांदी पायल, 1 चांदी की करदौनी, 1 कमर चैन चोर चोरी कर ले गए। हरिशंकर पुत्र परशुराम धाकड़ः ड्राइवर है इसलिए गाड़ी पर गया है पत्नी ग्वालियर रिश्तेदारी में गई थी घर पर छोटी बेटी अकेली थी चोर दूसरे कमरे की कुंडी काट कर 1 सोने की अंगूठी और 3 चांदी के सिक्के चोरी कर ले गए। करण पुत्र होतम धाकड़ः छत पर परिवार सो रहा था। दरवाजे की कुंडी काट कर कमरे में रखे 60 हजार रुपए नगदी चोरी कर ले गए। हरिदास पुत्र मुंशी धाकड़ः ड्राइवर है जिसके चलते गाड़ी पर गया था। सूने घर में चोर कुंडी काट कर कमरे में रखे सूटकेस में से 80 हजार रुपए चोरी कर ले गए और सूटकेस को घर के बाहर फेंक गए। रिंकू पुत्र तोरज सिंह रावतः परिजन घर के दूसरे कमरे में सो रहे थे चोर 1500 रुपए और एक मई बनाने की कन्नी चोरी कर ले गए। भानू पुत्र कपूरा रावतः परिजन घर की छत पर सो रहे थे। चोरी कुंडी काट कर कमरे में घुसे और 1 मंगलसूत्र, जोड़ी तोड़यिा, 10 हजार रुपए नगदी चोरी कर ले गए। वही चोरों ने गांव के पूरन शाक्य, सगुना बाई, कुलदीप रावत के घर के दरवाजे की चोरी ने कुंडी तो काटी पर घर में कुछ भी कीमती सामान नहीं होने पर कुछ भी नही ले जा पाए।

चोरों ने कटर से कुंडी काटकर की वारदात सतनवाड़ा थाने के कांकर ग्राम में एक के बाद एक ताबड़तोड़ चोरी की वारदातों से पुरा ग्राम सहमा हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि चोरों के गैंग ने रविवार-सोमवार की दरमियानी रात उसे वक्त गांव के घरों को निशाना बनाया जब रात 11 बजे करीब गांव के लोग अपनी छतों पर सोने चले गए थे। इस दौरान चोरों ने जिन 12 घरों के घरों की कटर से कुंडी काटकर चोरी की इन वारदातों को अंजाम दिया, उनमें से एक घर ऐसा भी था जिसमें पुराने सोने चांदी के जेवरात रखे हुए थे। ग्रामीणों ने बताया कि चोरों ने उस घर के अंदर रखे 6 लाख के सोने चांदी के पुराने गहनोपर हाथ साफ कर दिया। गांव में हर दो से तीन साल में ऐसी घटना होती है।

**इनका कहना है।**

ग्राम कांकर में चोरो ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। जिसमें करीब 7 से 8 घरो में चुरी हुई है अभी सही से जानकारी नहीं मिल सकती है आज चुनाव में व्यस्त है कल मामले में पूरी जानकारी ले सकते है।

**राजकुमार** सतनवाड़ा थाना प्रभारी

## जिले में शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुआ मतदान,कलेक्टर,एसपी सहित आला अधिकारियों ने दबाया ईवीएम का बटन

# चिलचिलाती धूप भी डिगा नहीं सकी मतदाताओं का हौसला जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्रों में 70 प्रतिशत मतदान




कलेक्टर,एसपी ने चैनपुरा बगवाज के पोलिंग बूथ क्रमांक 97 पर पहुंचकर मतदान किया





जिपं सीईओ अतेन्द्र सिंह गुर्जर ने सलापुरा स्थित पोलिंग बूथ पर मतदान किया।



सहायक संचालक रिशु सुमन ने चैनपुरा बगवाज के मतदान केंद्र पर पंहुचकर सपरिवार मतदान किया।



बीईओ मधु शर्मा ने आदर्श मतदान केन्द्र पर किया मतदान।



पहले मताधिकार,बाद में पाणिग्रहण संस्कार



परिवार सहित मतदान करने चैनपुरा पोलिंग बूथ पर पहुंचे एडीएम डॉ एके रोहतगी



विजयपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पनवाडा स्थित पोलिंग बूथ क्रमांक 291 पर अपने पड़पौते के साथ मतदान करने पहुंची 110 वर्ष की सरदारी बाई सिसोदिया



शहर के वार्ड क्रमांक 1 स्थित पोलिंग बूथ क्रमांक 151 पर मतदान करने के लिए पहुंचे 105 वर्षीय हाजी मोहम्मद अंसारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर,

लोकसभा चुनाव के तीसर चरण के तहत मंगलवार को मुरैना-श्योपुर लोकसभा सीट पर हुए मतदान में मतदाताओं ने तो अपना काम कर दिया, लेकिन अब 4 जून को होने वाली मतगणना से पहले कयासों और दावों का दौर चल रहा है। ऐसे में सबके अपने-अपने दावे हैं। इन दावों और कयासों के बीच श्योपुर जिले के मतदाताओं ने अपना नया सांसद चुनने के लिए उत्साह के साथ मतदान किया। इस दौरान पड़ रही भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप भी मतदाताओं के हौसले को डिगा नहीं सकी। शाम तक श्योपुर जिले में 70 प्रतिशत के करीब मतदान हो गया। इनमें श्योपुर के मुकाबले विजयपुर विधानसभा क्षेत्र में अधिक मतदान हुआ।

गर्मी के प्रकोप को देखते हुए निर्वाचन आयोग ने मतदान का समय सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक रखा था। सुबह 7 बजे ही जिले के कई मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं की लंबी कतार लग गई लेकिन जैसे-जैसे दिन चढता गया और गर्मी बढती गई, वैसे वैसे मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं की लाइन गायब होना शुरू हो गई। दोपहर के समय ज्यादातर मतदान केन्द्रों पर सन्नाटा छा गया। लेकिन शाम 4 बजे के आसपास फिर मतदाता वोट डालने के लिए घरों से निकले तो मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं की लंबी लंबी लाइन लगी नजर आई। कुछ मतदान केंद्रों पर तो शाम 6 बजे के बाद भी मतदान केंद्र की सीमा में प्रवेश कर आने वाले मतदाताओं को वोट डलवाने पड़े। कुल मिलाकर जिले में लोकसभा चुनाव शांतिपूर्वक और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। जिले के सभी मतदान केन्द्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम थे, पुलिस की मोबाइल टीमे पूरे दिन मतदान केन्द्रों का भ्रमण करती रही। वहीं पुलिस के अधिकारी भी सुरक्षा व्यवस्था का दिनभर हाल जानते रहे। बता दें कि जिले के कर्मचारियों ने चुनाव ड्यूटी के चलते पहले ही मतपत्र के जरिए वोट डाल दिए थे,लेकिन कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड और एसपी अभिषेक आनंद सहित जिले के अन्य आला अधिकारियों ने अपने क्षेत्र के मतदान केन्द्रों पर पहुंचकर ईव्हीएम का बटन दबाकर मतदान किया। कलेक्टर लोकेश कुमार, एसपी अभिषेक आनंद ,एडीएम डॉ रोहतगी, डिप्टी कलेक्टर संजय जैन ने जहां चैनुपर बगवाज के मतदान केन्द्र पर वोट डाला। वहीं जिपं सीईओ अतेन्द्र सिंह गुर्जर ने सलापुरा स्थित मतदान केन्द्र पर पहुंचकर मतदान किया।

### बीएलओ ने किया हंगामा तो सीएमओ ने कराई भोजन व्यवस्था

शहरी क्षेत्र में बनाए गए 65 मतदान केंद्रों पर उस समय हास्यादपद स्थिति निर्मित हो गई जब ड्यूटी में लगाए गए बीएलओ ने यह कहते हुए शिकायत कर दी कि उन्हें भोजन के पैकेट नहीं दिए जा रहे हैं और न हीं उन्हें घर भोजन करने जाने दिया जा रहा है। कलेक्टर के माध्यम से जब यह सूचना सीएमओ सतीश मटसेनिया को लगी तो उन्होंने आनन फानन में उन महिला स्व सहायता समूहों और सुरक्षा अधिकारियों को भी मतदान दल की तरह भोजन कराने के निर्देश दिए जिन्हें भोजन व्यवस्था की जिम्मेदारी निर्वाचन आयोग के निर्देश पर सौंप गई थी। अब महिला स्व सहायता समूहों को पांच मतदान कर्मचारियों के भोजन का पैसा कलेक्टर लोकेश कुमार के निर्देश उन्हे मिलने वाले चुनाव डयूटी मानदेय से काटकर दिया जाएगा। बाकी कर्मियों के भोजन का भुगतान नगर पालिका महिला स्व सहायता समूहों को करेगी।

### भोजन के लिए बंद किया मतदान

शहर के वार्ड क्रमांक 10 स्थित मतदान केन्द्र क्रमांक 167 पर मतदान दल ने भोजन करने के दौरान मतदान की प्रकिया को बंद कर दिया। लगभग 15 से 20 मिनट तक यहां वोटिंग की कार्रवाई रूकी रही और मतदाता खड़े रहे। जब मतदाताओं ने हंगामा किया, तब मतदान कर्मियों ने मतदान की कार्रवाई फिर से शुरू करवाई गई।



रायपुरा मतदान केन्द्र का निरीक्षण करते कलेक्टर।



ये कैसा आदर्शः जिले में करीब एक सैकड़ा मतदान केंद्र आदर्श घोषित किए गए हैं पर कई जगह आदर्श के नाम पर सिर्फ आदर्श होने का बैनर लगाकर इतिश्री भी होते दिखी।

### श्योपुर और विजयपुर विधानसभा में यूं बढ़ा मतदान का प्रतिशत

| समय | श्योपुर | विजयपुर |
|---|---|---|
| सुबह 9 बजे तक | 11.71 | 10.97 |
| सुबह 11 बजे तक | 33.56 | 3209 |
| दोपहर 1 बजे तक | 47.00 | 50.00 |
| दोपहर 3 बजे तक | 56.22 | 58.78 |
| शाम 5 बजे तक | 65.79 | 66.22 |



## लापरवाहीः सड़कों पर गंदा पानी जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान

**सीहोर।** जिला जनपद के ग्राम पंचायत बमुलिया में पीएचई विभाग और ग्राम पंचायत की बड़ी लापरवाही देखने को मिल रही है। गांव की नल जल योजना में गांव में कई जगहों पर नलों में टोटी नहीं लगाई गई है, जिसकी वजह से हररोज कई लीटर पानी बर्बाद हो रहा है और वहीं, पानी गांव की सड़कों में जमा हो रहा है, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में असुविधा हो रही है। सड़कों पर गंदा पानी जमा होने से मच्छर पनप रहे हैं, जिससे ग्रामीणों में डेंगू मलेरिया होने का खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि गर्मी के समय में पानी की इतनी कमी होने के बावजूद भी ग्राम पंचायत पानी की बर्बादी को रोकने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा है।



## पत्रकार संतोष शर्मा को पितृ शोक

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



पत्रकार उमा शंकर शर्मा (संतोष शर्मा) को पितृ शोक हुआ है। उनके पिता सीताराम शर्मा का निधन सोमवार मंगलवार की रात को हो गया। 88 वर्षीय सीताराम शर्मा जल संसाधन विभाग से सेवानिवृत कर्मचारी थे समाजसेवी सीताराम के निधन से समूचे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। मंगलवार को उनका बड़ौदा रोड स्थित मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया। उनकी शवयात्रा में बड़ी संख्या में सजातीय बंधु और पत्रकार में मौजूद रहे।

### अनीदा गांव के 500 मतदाताओं के लिए नहीं बनाया पोलिंग बूथ

# मतदान के प्रति इतना जोशःनदी पार कर वोट डालने के लिए पहुंचे ग्रामीण



हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

विजयपुर विधानसभा क्षेत्र के अनीदा गांव में मंगलवार को मतदान के प्रति मतदाताओं का अलग ही जुनून देखने को मिला है। इस गांव में मतदान केंद्र नहीं होने के चलते जहां पुरुष मतदाता क्वारी नदी को पार करके वोट डालने सुनवई गांव पहुंचे वहीं महिलाऔर बुजुर्ग मतदाताओं को वोट डालने के लिए 10 किलोमीटर का सफर तय करना पड़ा। करीब 500 मतदाताओं वाले इस गांव में प्रशासन में मतदान केंद्र क्यों नहीं बनाया यह विचारणीय प्रश्न है।

तहसील विजयपुर के अनीदा और सुनवई गांच क्वारी नदी के किनारो पर बसे हुए हैं। ग्राम पंचायत सुनवाई में आने वाले दोनों गांव की सीमाओं को विभाजित करने वाली क्वारी नदी सहित उक्त गांव की दूरी करीब 3 किलोमीटर है। हालांकि इस गांव में आने-जाने के लिए विजयपुर से पक्का रोड भी बना है लेकिन विजयपुर होते हुए सुनवई गांव पहुंचने के लिए करीब 10 किलोमीटर का सफर तय करना पड़ता है। इस सफ़र से बचने के लिए अधिकतर युवा पुरुषों ने मतदान के लिए नदी पार करने का रास्ता अपनाया। इस समय नदी में करीब 4 फीट पानी है जिसमें लोगों को अपने कपड़े हाथ में लेकर नदी कभी तैरकर कभी चलकर पार करनी पड़ी। लेकिन इस तरह परेशानियों से जूझते हुए भी वोट डालने के प्रति ग्रामीणों का जुनून देखते ही बना।एक और तो लोग छोटी-छोटी बातों को लेकर मतदान का बहिष्कार कर देते हैं दूसरी ओर इस गांव के लोग हैं, जो इतनी बड़ी समस्या होने के बावजूद नदी पार करके और 10 किलोमीटर का सफर तय करने के बाद भी वोट डालने के लिए पहुंचे।

### लंबे समय से कर रहे हैं पुल निर्माण की मांग

विजयपुर और विकास का कोई खास सरोकार नहीं है। इसकी बानगी इन दो गांव को देखने से मिलती है जहां के लोगों को आज भी आने जाने के लिए नदी पार करनी पड़ती है। भयंकर समस्या होने के बावजूद शासन प्रशासन का ध्यान इस नदी पर पुल बनाने की ओर अभी तक क्यों नहीं गया यह विचारणीय प्रश्न है पर जबकि ग्रामीणों द्वारा लगातार नदी पर पुल बनाए जाने की मांग की जाती रही है जब-जब भी चुनाव का समय आता है ग्रामीण मांग करते हैं और नेता आश्वासन देकर चले जाते हैं लेकिन समस्या का निराकरण आज तक नहीं हुआ।

### इनका कहना

आजादी के बाद से ही आज तक हम इस गांव से नदी पार करके ही आ जा रहे हैं। वोट डालने के लिए भी हर बार हमें नदी पार कर जाना पड़ता है। जिससे यहां पर अधिकतर मतदाता वोट डालने से भी वंचित रह जाते हैं। नदी पर पुल बनना बहुत जरूरी है।

रामहेत रावत
निवासी अनीदा

### चयनित स्कूलों में पढ़ाने के लिए शिक्षक और बैठने के लिए कक्षों की व्यवस्था

# 18 सरकारी स्कूलों में 15 जून से लगेंगी नर्सरी केजी की कक्षाएं, दो-दो शिक्षकों की नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

निजी स्कूलों की तर्ज पर अब जिले के सरकारी स्कूलों में भी नर्सरी कक्षा की शुरुआत होने जा रही है। पहले चरण में श्योपुर जिले के 18 सरकारी स्कूलों में नर्सरी-केजी की कक्षाएं शुरू की जाएगी। इन स्कूलों में पहली कक्षा की तर्ज पर बच्चों को नर्सरी और केजी में प्रवेश दिलाया जाएगा। सरकारी स्कूलों में शुरू होने जा रहे इस नवाचार की शुरुआत इसी शैक्षणिक सत्र में 15 जून से होगी। चयनित 18 स्कूलों में बच्चों के बैठने के लिए कक्ष और पढाने के लिए शिक्षकों की व्यवस्था कर दी गई है।

बताया गया है कि चयनित स्कूलों में बच्चों को पढाने के लिए 36 शिक्षकों की नियुक्ति कर दी गई है। प्रत्येक स्कूल में दो शिक्षक पढाएंगे। बच्चों के बैठने के लिए स्कूल वार दो दो कक्ष भी निर्धारित कर दिए गए है। उल्लेखनीय है कि नर्सरी और केजी की कक्षाएं शुरू करने के लिए जिले में ऐसे सरकारी स्कूलों का चयन किया गया है, जिनमें अतिरिक्त कमरों के साथ बिजली, पानी और फर्नीचर की पर्याप्त व्यवस्था है। शुरुआत फीकी न हो इसलिए प्राथमिक और माध्यमिक स्कूलों के बजाय हाई स्कूल और हायर सेकंडरी स्कूलों को चुना गया है।




### चयनित स्कूलों के लिए 36 शिक्षकों की नियुक्ति

जिला शिक्षा केन्द्र के अधिकारियों की माने तो चयनित स्कूलों में शासन के निर्देश के बाद दो दो कक्षों की व्यवस्था कर दी गई है। साथही 36 शिक्षकों की नियुक्ति भी कर दी गई है। प्रत्येक स्कूल में दो दो शिक्षक प्रवेश पाने वाले नर्सरी और केजी के बच्चों को पढाएंगे।

### इन सरकारी स्कूलों में शुरू होंगी कक्षाएं

नर्सरी और केजी कक्षा की शुरूआत करने के लिए जिले के 11 शासकीय हाईस्कूल और 7 शासकीय हायरसेकंडरी स्कूलों का चयन किया गया है।इनमें श्योपुर ब्लॉक के 8 स्कल,विजयपुर ब्लॉक 6 स्कूल तथा कराहल ब्लॉक के 4 स्कूल शामिल है। श्योपुर ब्लॉक के जिन स्कूलों में नर्सरी और केजी की कक्षाओं का संचालन शुरू किया जाएगा,उनमें शाउमावि प्रेमसर, शाउमावि पांडोला, शासकीय हाईस्कूल बडौदाराम, पीएम श्री शासकीय हाईस्कूल गोहेडा, शासकीय हाईस्कूल राडेप, शासकीय हाईस्कूल रायपुरा, नयागांव ढोंढपुर तथा, जानपुरा शामिल है। वहीं विजयपुर ब्लॉक में शासकीय उत्कृष्ट स्कूल विजयपुर, शासकीय कन्या उमावि विजयपुर, शाउमावि टर्राकलां, शासकीय हाईस्कूल मिलावली, बलावनी, अर्रोदरी तथा कराहल ब्लॉक में शाउमावि पहेला, शाउमावि सेसईपुरा, शासकीय हाईस्कूल बुखारी, मोरावन का चयन किया गया है।

### ये है आयु सीमा

नर्सरी और केजी कक्षाओं में प्रवेश प्रक्रिया 15 जून से शुरू होगी। इसके लिए आंगनबाड़ी केंद्रों की मदद भी ली जाएगी। नर्सरी कक्षा में प्रवेश के लिए आयु सीमा 3-4 वर्ष, केजी-1 के लिए 4-5 वर्ष और केजी-2 के लिए आयु सीमा 6 वर्ष है।

### इनका कहना

नर्सरी और केजी की पढ़ाई के लिए नई व्यवस्था जून से शुरू की जा रही है। चिह्नित स्कूलों में कोई समस्या न आए, इसकी लगातार समीक्षा कर रहे हैं। कक्षाएं शुरू करने से पहले कमियों को दूर कराने का प्रयास भी कर रहे हैं।

डॉ पीएस गोयल
डीपीसी,श्योपुर